# चित्रकूट पुलिस

(1). "मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा "मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई ।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक यातायात श्केरी हरीराम यादव के मार्गदर्शन में उ0नि0 यातायात श्री राजकिशोर ,आरक्षी रामकिशन,आरक्षी चन्द्रवीर द्वारा एक व्यक्ति के खोए बैंग को बरामद कर व्यक्ति से सम्पर्क कर सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 24.05.2026 को एक व्यक्ति नाम दीपक कुमार श्रीवास्तव सन ऑफ कुलदीप कुमार श्रीवास्तव गुलमोहर बिहार केशव नगर नौबस्ता कानपुर जो आरोग्यधाम नहाने गए हुए थे इनका बैंग खो गया था जिसमें उनके कीमती सामान पर्स ,पैसे विज़िटिंग कार्ड , एटीएम कार्ड इत्यादि समान था। यातायात पुलिस द्वारा बैंग को बरामद कर व्यक्ति से सम्पर्क कर सपुर्द किया । अपना खोया बैंग पाकर व्यक्ति के चेहरे पर लौटी मुस्कान, चित्रकूट पुलिस का कहा धन्यवाद।

**(3).** आज दिनाँक- 24.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री पीयूष कान्त राय द्वारा नया थाना सरधुवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय,मिशन शक्ति केन्द्र,जनसुनवाई कक्ष आदि स्थानों का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण एवं समय से कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री शिवआसरे व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थिति रहें।

**(4).** आज दिनाँक 24.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री पीयूष कान्त राय द्वारा थाना बरगढ़ एवं थाना सरधुवा के प्रशिक्षु आरक्षियों के कर्तव्यों एवं दायित्वों से अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये । अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्यौहार बकरीद में शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण सम्पन्न कराये जाने तथा अपराध गोष्ठी में प्राप्त आदेशों एवं निर्देशों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षुओं के कार्यों का अवलोकन किया गया तथा अनुशासित रहकर थाना अभिलेख/महत्वपूर्ण डिजिटल ऐप की सिखलाई/अनुप्रयोग हेतु निर्देशित भी किया गया।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर श्री यामीन अहमद द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री दुर्गविजय सिंह की उपस्थिति में थाना कोतवाली कर्वी में एवं प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्री निशिकान्त राय द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारीगणों को आगामी त्यौहार बकरीद को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस टीम ने 03 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया ।

(i). उ0नि0 श्री रविकान्त राय मय हमराह आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार थाना रैपुरा द्वारा मु0नं0 40/2019 अ0स0 135/12 धारा 323,325,504 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त प्रकाश उर्फ रामप्रकाश पुत्र भोदल राजपूत उम्र 50 वर्ष निवासी पवारी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(ii). उ0नि0 श्री कैलाश नाथ यादव थाना कोतवाली कर्वी द्वारा मु0नं0 505/2024 अ0स0 217/2024 धारा 323,385,504,506 भादवि0 3(1)द0ध0 एससी/एसटी एक्ट के वारण्टी अभियुक्त नीलू उर्फ विनोद यादव पुत्र राजाराम उर्फ रज्जन यादव उम्र 43 वर्ष निवासी चकलागुरू बाबा शिवरामपुर थाना कोत0 कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(iii). उ0नि0 श्री यदुवीर सिंह चौकी प्रभारी सीतापुर मय हमराह आरक्षी नागेश कुमार थाना कोतवाली कर्वी द्वारा मु0नं0 528/2011 अ0स0 703/2011 धारा 40 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त उमेश कुमार पुत्र बृजमोहन रैकवार निवासी विकलांग विश्वविद्यालय के बगल में कस्बा सीतापुर थाना कोत0 कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(6).** आज दिनाँक 24.03.2026 को उपजिलाधिकारी राजापुर श्री फूलचन्द्र यादव,नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर एवं प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री लाखन सिंह द्वारा थाना राजापुर में,क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल एवं प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्री निशिकान्त राय द्वारा थाना पहाड़ी में एवं थानाध्यक्ष मारकुण्डी द्वारा थाना मारकुण्डी में आगामी ईद-उल-जुहा (बकरीद) त्यौहार के दृष्टिगत क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिकों, धर्म गुरुओं, ग्राम प्रधान की पीस कमेटी की बैठक की गई जिसमें लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण व सकुशल त्यौहार मनाए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस गोष्ठी में हिन्दु-मुस्लिम दोनों समुदायों के सदस्यों से वार्ता कर भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने की अपील की गयी तथा शासन के दिशा निर्देशों के सम्बन्ध में बताया गया।